राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 30.12.2019

आयोग द्वारा प्राध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2018 का आयोजन दिनांक 03.01.2020 से 13.01.2020 तक सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र एक सत्र में प्रातः 09:00 बजे से 10:30 बजे तक एवं ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे एवं 02:00 बजे से सायं 05:00 तक दो–दो सत्रों में सात संभागीय जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है।

उक्त परीक्षा के GROUP-B व GROUP-C की विषयों हेतु प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध Admit Card लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment portal लिंक का चयन कर भी संबंधित परीक्षा का प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

अभ्यर्थी प्रत्येक प्रश्न–पत्र हेतु अलग–अलग प्रवेश–पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

नोटः– **उक्त परीक्षा के 'GROUP-A' की विषयों हेतु प्रवेश–पत्र पूर्व में आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है।**

(रेणु जयपाल)
सचिव